प्रेस नोट **18/06/2024**

02 गांजा तस्कर गिरफ्तार कब्जे से 20.1 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस को उस समय अहम सफतला हाथ लगी जब दिनांक 18.06.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रोडवेज के पास से अभियुक्तगण हरेन्द्र चौहान पुत्र भीरुग चौहान निवासी रेखहा भोलाई थाना रसड़ा, प्रियंका श्रीवास्तव पत्नी प्रियांशु श्रीवास्तव निवासी बनकटा थाना कोतवाली जनपद बलिया के कब्जे से 20.1 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-

1. हरेन्द्र चौहान पुत्र भीरुग चौहान निवासी रेखहा भोलाई थाना रसड़ा जनपद बलिया।
2. प्रियंका श्रीवास्तव पत्नी प्रियांशु श्रीवास्तव निवासी बनकटा थाना कोतवाली जनपद बलिया।

बरामदगी-

1. 20.1 किलोग्राम अवैध गांजा।

जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 18.06.2024 सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर रूट मार्च/पैदल गस्त किया जा रहा है तथा शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति भरोसा दिलाया जा रहा है एवं अतिक्रमण आदि के सम्बन्ध में हिदायत दी जा रही है। साथ ही साथ संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।